I take this opportunity today to thank you, Madam, for giving me several opportunities to speak in the House, to voice my concerns and also to other

Members of the House. I express my gratitude towards you for being you and for conducting this House in the best possible manner.

Madam, I represent the Other Backward Castes of India, the marginalised section of society whose voices must be heard in this great Institution – the Parliament of India. I only hope today that in the next Lok Sabha and in the subsequent Lok Sabhas, the voices of the marginalised section of society will be heard and also the concerns of my State of Uttar Pradesh will be paid attention to and taken care of by the subsequent governments.

I want to conclude by saying that India has seen a tremendous leader and a dynamic Prime Minister in Narendra Modi ji and we have more of him to see in future. So, I only hope that the 17th Lok Sabha sees a grand come back of the NDA under his leadership with the *Mool Mantra* of *'Sabka Sath Sabka Vikas'*. Thank you very much, Madam.

(ends)

HON. SPEAKER: Kaushalendra ji, please speak for only half a minute. I am sorry.

1607 बजे

श्री कौशलेन्द्र कुमार(नालंदा): मैडम, जनता दल (यूनाइटेड) की तरफ से आपने मुझे हर विषय पर बोलने का जो मौका दिया, मुझे ही नहीं, बल्कि सभी सांसदों को आपने जो मौका दिया, आपने प्यार और मोहब्बत से संसद चलायी, इसके लिए मैं आपको बधाई देता हूँ और आपका धन्यवाद भी करता हूँ।

देश के प्रधान मंत्री जी को भी मैं बधाई देता हूँ। उन्होंने पूर्वांचल से लेकर हर तरफ 'सबका साथ, सबका विकास' का जो नारा दिया, भ्रष्टाचार मुक्त भारत का जो नारा दिया, उसके लिए मैं उनको बधाई देता हूँ और धन्यवाद करता हूँ।

(इति)

माननीय अध्यक्ष: श्री प्रेमचन्द्रन जी, आपने तो आज सुबह में अपना लास्ट अमेंडमेंड कर दिया था।

1608 बजे

श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन (कोल्लम): मैडम, लास्ट अमेंडमेंट हो गया। I want to express my sincere thanks and gratitude on behalf of my Party; I am a single-member party. But I have never felt that I am a single member from my party in the House because of you, Madam. So, I am very thankful to you and grateful to you for giving me such an opportunity.

Madam Speaker, I would like to make one suggestion. All of us talk about the 'discussion', 'debate' and 'decision' but at the same time, there should be 'dissent' also. The dissent of the Opposition should be respected and honoured. Then only the beauty of the democracy will be there. Unfortunately, the dissent in the form of amendment or cut motions, it is not respected and it is not taken care of. That precedent and convention has to be changed.

Madam, in the Legislative Assemblies, especially in Kerala Legislative Assembly, if an Opposition Member brings an amendment and if that amendment is constructive and positive, I was also a Minister in the State Government, we accept the amendment and we would be thankful to the hon. Member.

(1610/KMR/PC)

Like that, a precedent and convention also has to be set in this House so that constructive and positive proposals coming from the Opposition are recognised and accepted and the legislation as well as the policy making becomes more fruitful and bring benefit to the country.

Madam, I would like to place it on record that though hon. leader of the single largest party, Shri Mallikarjun Kharge, has not been able to speak today owing to throat infection, he has been present in the House from 11 in the morning till now. We have to recognise that and appreciate the way he interacted with the Government, made the demands from the Opposition's side, expressed the sentiments of the people of this country, at the same time cooperating with the Government.

Madam, we the Opposition played a very constructive role. Yesterday also we passed the Finance Bill. We cooperated with the Government on the passage of Budget. At the same time when the controversial issues came up on the floor of the House, in a constructive way the opposition has cooperated.

I would like to place on record one more thing, Madam, with regard to the services being rendered by the Parliament Library, especially the LAARDIS. How are we Members able to make all our contributions here? It is because of the support provided by the Library. Also, Madam, the Speaker's Research Initiative, which is an innovative instrument brought in by you, has also helped us a lot in bringing the genuine and timely issues of the people before the Parliament. For all this, we are thankful and grateful to you.

Once again we extend our sincere gratitude and thanks to the Government as well as the Opposition, Hon. Speaker, Hon. Deputy Speaker and all the Members of this House. With these words I conclude. Thank you very much.

(ends)

माननीय अध्यक्ष : दुष्यंत जी, आप एक मिनट में अपनी बात बोलिए।

आप सब मंत्रियों से मेरा निवेदन है कि नेक्स्ट टाइम प्रेमचन्द्रन जी का एक भी अमेंडमेंट हो, तो आपको उसे मानना चाहिए।

…(व्यवधान)

1612 बजे

श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपका धन्यवाद करता हूं। मैं 26 साल की आयु में इस हाउस में आया था। जिस दिन पहली बार आपने स्वागत किया, मुझे याद है कि मैं वहां पीछे बैठा था और मेरी टांगें कांप रही थीं, मगर इस दौरान पांच सालों में जो आपका आशीर्वाद मिला, उससे दो सदस्यों के दल से आज एक अलग पार्टी के अंदर, जहां मुझे बोलने का आपने निरंतर मौका दिया। तीस सेंकेंड हों या तीस मिनट हों, हाफ एन आवर डिस्कशन तक में आपने मुझे जो मौका दिया, मैं उसके लिए आपका और खास तौर पर डिप्टी स्पीकर महोदय का धन्यवाद करूंगा कि आप दोनों ने इस हाउस को इतने अच्छे तरीके से पांच साल चलाया। अगर आप दोनों न होते, तो शायद इतने लंबे समय तक यह सेशन, देर रात एक-एक बजे तक बैठकर जो हाउस चला, इसके लिए आप दोनों बधाई के पात्र हैं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

1613 hours

DR. M. THAMBIDURAI (KARUR): Madam Speaker, hon. Members, today is the last day of the 16th Lok Sabha. I, in my capacity as Deputy Speaker, would like to take this opportunity to thank all those who helped me in the discharge of my official responsibilities.

First and foremost, I would like to thank the former Chief Minister of Tamil Nadu, Puratchi Thalaivi Amma Jayalalithaa and also our Prime Minister Narendra Modi-ji for discussing, deciding and asking me to take this Chair. I am very grateful to you also, hon. Prime Minister, for giving me this opportunity to take this place. All the other political parties also elected me unanimously and supported me. Because of your support only I was able to manage to run the show under your guidance, Madam.

Also Madam, yesterday was a remarkable day when Prime Minister Modi-ji and others unveiled the portrait of former Prime Minister Atal Bihari Vajpayee-ji in the Central Hall. I served as Cabinet Minister under Vajpayee-ji holding five portfolios – Law, Justice, Company Affairs, Surface Transport and Shipping. I used to sit in the first row at that time along with him. I had that opportunity then and now I am here. Most of my colleagues who were there know me that I served under him as a Minister.

(1615/SNT/SPS)

Therefore, when his portrait was unveiled yesterday, I remembered all those things as to how he helped me to implement so many programmes throughout India, especially the four-lane projects. That was the dream of

Vajpayee-ji. He gave me an opportunity to fulfil that dream. I took that opportunity. He laid the foundation stone for the project in January 1999 in Bengaluru. That is the occasion when this country got a stretch of long four-lane road because our former Prime Minister helped me and guided me. Also, I feel proud that I had the opportunity to implement that programme.

Madam, there is another historical thing that I want to tell about my Party AIADMK. Madam Jayalalithaa-ji, in 2014 contested in Tamil Nadu all the 40 seats. She made a history by winning 37 seats. Now, we are the second largest Opposition party. It is a historic thing that a regional party got so many seats. It is because of our efforts and of our programmes. That has helped us to come over here and participate in so many debates and so many discussions. She is no more now. That is our problem and we are feeling that. That cannot be filled by anyone. But still in Tamil Nadu, she is in everybody's heart. That will guide us further to proceed in the coming elections. That will help us.

Also, what Mahtab-ji said is one thing and how I became Deputy Speaker is another issue. Generally, Deputy Speaker comes from the Opposition party. In 1984, when Rajiv Gandhi got full majority and formed the Cabinet, there was no Opposition party. At that time, Telugu Desam Party got nearly 32 seats and therefore could not achieve 54 seats. Therefore, they elected me as the Deputy Speaker at that time, that is, 30 years ago. The history has been repeated now. Modi-ji got the majority in 2014. There is no opposition which could fulfil the 54 number and therefore I have again become

Deputy Speaker, Lok Sabha. That is one cycle. As Mahtab-ji said that is one cycle. After 30 years, once again, Modi-ji got the majority. He made me the Deputy Speaker, Lok Sabha. That is the opportunity. Therefore, I do not know whether it is the fate which made me to become Deputy Speaker after 30 years and once again I am sitting here. Next where will I sit, I do not know. I do not mind or worry about it. God alone can say whether I am going to come here or not. People have to decide that. Whichever row I do not know. That is another thing.

I am very grateful to the Prime Minister for cooperating with me. Whenever we asked certain projects for Tamil Nadu, he helped us. At the same time, in the last Budget speech, I vehemently spoke demanding more funds for Tamil Nadu which we are due to get, nearly Rs.14,000 crore. I fought for that also because I belong to a regional party. At the same time, I have to fulfil the expectations of the people of Tamil Nadu. I have to express my regional feelings also. Even though, India is one, we are all so many parties here representing so many cultures. That is the greatness of the unity of India. Therefore, Tamil Nadu is always the pioneer in bringing so many legislation especially, reservation.

Today, you brought this reservation bill. First in Tamil Nadu only reservation started for the backward classes. That was approved in Parliament when Nehru-ji was the Prime Minister. These things came afterwards only. Therefore, the Dravidian Party especially in Tamil Nadu created this kind of reservation for backward castes people. That is why, we are always fighting for

more rights of the States. As the Prime Minister is always advocating, we have cooperative federalism. He was also the Chief Minister of Gujarat. He knows the problems the States are facing. Therefore, he always tells that cooperative federalism is more important. That spirit must be continued. We must not dilute our Constitution by taking over the States' rights and bringing subjects into the Concurrent List as I said yesterday. It should not happen as India is having a different culture. That different culture is very important. It is the fabric and strength of this country. I hope that it will continue. For that only, our Madam Jayalalithaa, and also our MGR – my leader the *puratchi thalaivar* - made me Deputy Speaker at that time. When Rajiv Gandhi was Prime Minister, he made me. *Puratchi thalaivi* Amma along with Modi-ji made me Deputy Speaker again.

Therefore, I have to be grateful to all of them for giving me the opportunity to sit here. I am also thankful to you that you have cooperated with me and guided me well to do all these things. I hope, this good spirit of cooperative federalism will continue. Our State's rights especially Tamil Nadu rights will be fulfilled in due course of time, whoever comes. Thank you very much. (ends)

(1620/MM/GM)

1620 बजे

प्रधान मंत्री (श्री नरेन्द्र मोदी) : अध्यक्ष महोदया जी, मैं सदन के सभी सदस्यों की ओर से और मेरी तरफ से इस सोलहवीं लोक सभा के पूरे कार्यकाल को अध्यक्षा के रूप में जिस धैर्य के साथ, संतुलन के साथ और हर पल मुस्कुराते रहते हुए आपने सदन को चलाया, इसके लिए आप अनेक-अनेक अभिनंदन की अधिकारी हैं।

देवी अहिल्या बाई जी का जीवन और उनकी शिक्षा का आपके मन पर बड़ा प्रभाव है। उनसे पायी हुई शिक्षा को, उनसे पाए हुए आदर्शों को यहां चरितार्थ करने के लिए आपने हर पल कोशिश की है। उन्हीं आदर्शों पर चलते हुए कभी दाईं तरफ के लोगों को तो कभी बाईं तरफ के लोगों को आपने उस तराजू से तोलकर कठोर निर्णय भी किए हैं। लेकिन वे मूल्यों के आधार पर लिए गए, आदर्शों के आधार पर लिए गए निर्णय हैं और लोक सभा की उत्तम परिपाटी को बनाने के लिए वे सदा-सर्वदा उपयुक्त रहेंगे, ऐसा मेरा पूरा विश्वास है।

आपने जिस SRI संगठन की शुरूआत की, मैं समझता हूं कि वह नये सदस्यों के लिए अपने आप में एक बहुत उपकारपूर्ण काम आपने किया है। उसने डिबेट को, उसके कंटेंट को, जानकारियों को और अधिक समृद्ध करने में बहुत बड़ी भूमिका अदा की है।

अध्यक्ष महोदया, वर्ष 2014 में मैं भी उन सांसदों में से एक था, जो पहली बार चुनकर आए थे। मैं न इसकी ज्योग्राफी जानता था, किस गली से कहां जाते हैं, यह भी पता नहीं था। मैं बिलकुल नया था और हर चीज को बड़ी जिज्ञासा से देखता था कि यह क्या है, यहां क्या है? यह सब देख रहा था। जब मैं यहां बैठा तो ऐसे ही देख रहा था कि ये बटन किस चीज के लिए हैं और समझने की कोशिश कर रहा था। मैंने यहां एक प्लेट देखी। उस प्लेट पर, मेरी जानकारी है कि मुझ से पहले 13 प्रधान मंत्री बने, जिन्होंने इस स्थान पर बैठकर अपना दायित्व निभाया है, लेकिन जब मैंने प्लेट देखी तो उस पर केवल तीन ही प्रधान मंत्रियों के नाम हैं। ऐसा क्यों हुआ होगा, क्या तर्क होगा? लिबरल विचार के जो बहुत बड़े विद्वान लोग रोज उपदेश देते रहते हैं, वे जरूर इस पर चिंतन करेंगे

और कभी न कभी हमारा मार्गदर्शन करेंगे। यानी हर चीज मेरे लिए नई थी, इसलिए मेरे अंदर जिज्ञासा थी और मैं देख रहा था।

करीब-करीब तीन दशक बाद एक पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनी। आज़ादी के बाद पहली बार कांग्रेस गोत्र की नहीं है, ऐसी पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनी। कांग्रेस गोत्र नहीं था, ऐसी मिलीजुली सरकार अटल जी की बनी थी और कांग्रेस गोत्र नहीं है, ऐसी पूर्ण बहुमत वाली पहली सरकार वर्ष 2014 में बनी। इस सोलहवीं लोक सभा में 17 सत्र हुए। आठ सत्र ऐसे रहे, जिसमें 100 प्रतिशत से अधिक काम हुआ।

(1625/SJN/RK)

अगर हम औसतन देखें, तो करीब 85 प्रतिशत आउटकम के साथ आज हम विदाई ले रहे हैं। संसदीय मंत्री का अपना एक दायित्व रहता है। अभी तोमर जी संभाल रहे हैं। प्रारंभ में वेंकैया जी देखते थे। उन्होंने कुशलता से निभाया है। वह अब उपराष्ट्रपति पद पर हैं और हमारे वरिष्ठ सदन के संचालक के रूप में भी एक अहम भूमिका निभा रहे हैं। अनंतकुमार जी की कमी हमें जरूर महसूस हो रही है। हमारे एक हंसते-खेलते-दौड़ते साथी की, लेकिन इन सबने जो काम किया है, मैं उनका भी अभिनंदन करता हूं। यह 16वीं लोक सभा है, इस बात के लिए भी हम हमेशा गर्व करेंगे, क्योंकि देश में इतने चुनाव हुए, उसमें पहली बार सबसे ज्यादा महिला सांसदों वाला हमारा यह कालखंड है।...(व्यवधान) उसमें भी 44 महिला सांसद पहली बार आई थीं और पूरे कार्यकाल में देखा गया है कि महिला सांसदों का प्रतिनिधित्व, पार्टिसिपेशन और बातचीत की ऊंचाई हर प्रकार से हमको रजिस्टर करनी चाहिए। सभी महिला सांसद अभिनंदन की अधिकारी हैं। देश में पहली बार कैबिनेट में सर्वाधिक महिला मंत्री हैं और देश में पहली बार सिक्योरिटी से संबंधित कमेटी में दो महिला मंत्री प्रतिनिधित्व कर रही हैं, रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री। यह भी अपने आपमें और यह भी खुशी की बात है कि पहली बार स्पीकर भी महिला हैं, इसके साथ ही साथ हमारी सेक्रेट्री जनरल भी महिला के रूप में विराजमान हैं। इसलिए लोक सभा सेक्रेट्री जनरल और उनकी सारी टीम को और यहां के पूरे परिसर को संभालने वाला हर कोई अभिनंदन का अधिकारी है। मैं उनको भी बहुत-बहुत बधाई

देता हूं और बहुत-बहुत अभिनंदन करता हूं। इस सदन में, कोई इसका अर्थ यह न लगाए कि मैं यहां पर कोई गवर्नमेंट की उपलब्धियां बताने के लिए खड़ा हुआ हूं। लेकिन जो काम इस सदन ने किए हैं, अगर पांच साल के उस ब्यौरे को देखें और हम सब इसके हिस्सेदार हैं। विपक्ष में रहकर भी इसकी ताकत को बढ़ाने का काम किया है। पक्ष में रहकर भी उसकी मदद की है। इसलिए सदन के सभी साथियों का उसमें गौरवपूर्ण योगदान रहता है। हमारे लिए बीते साढ़े चार वर्षों में, इस कार्यकाल में, हम सबके लिए खुशी की बात है कि आज देश दुनिया में 6वें नंबर की इकोनामी बना है। इस कार्यकाल के लिए भी यह गौरव का काम है। हम सभी इसके भागीदार हैं, नीति-निर्धारण यहीं से हुआ है। 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनामी बनने की दिशा में हम दरवाजे पर दस्तक देने की तैयारी में हैं। हम इतनी तेजी से बढ़ रहे हैं। इसके लिए भी इस सदन की गतिविधियों का अपना बहुत बड़ा रोल है।

आज भारत का आत्मविश्वास बहुत बढ़ा है और आगे बढ़ने के लिए बड़ी ताकत होती है- आत्मविश्वास, जीतने की ताकत होती है- आत्मविश्वास, संकटों से जूझने का सामर्थ्य होता है- आत्मविश्वास। आज देश आत्मविश्वास से भरा हुआ है। इस सदन ने जिस सामूहिकता के साथ, जिस गति के साथ, जिस निर्णय प्रकियाओं को आगे बढ़ाया है, इस विश्वास को पैदा करने में इसने बहुत बड़ी भूमिका अदा की है। आज विश्व की सभी प्रतिष्ठित संस्थाएं, विश्वमान्य संस्थाएं, भारत के उज्ज्वल भविष्य के संबंध में, बिना हिचकिचाहट एक स्वर से उज्ज्वल भविष्य के संबंध में अपनी संभावनाएं बताती रहती हैं। यह देश के लिए स्वाभाविक रूप से, यही कालखंड रहा है कि भारत डिजिटल वर्ल्ड में अपनी जगह बना चुका है। अनेक उपलब्धियां प्राप्त की हैं, ऊर्जा के क्षेत्र में और ऊर्जा बचत के क्षेत्र में। दुनिया जब ग्लोबल वार्मिंग की चर्चा कर रही है।

(1630/BKS/PS)

इस ग्लोबल वार्मिंग के जमाने में यह देश है, जिसने इंटरनेशनल सोलर एलायंस को लीड किया और जिस प्रकार से आज विश्व में पैट्रोलियम प्रोडक्ट वाले देशों के गठबंधन की एक ताकत बनी है, वह दिन दूर नहीं होगा, जब भारत के इस निर्णय का असर आने वाले दशकों में नज़र

आएगा। उतनी ही ताकत के साथ इंटरनेशनल सोलर एलायंस एक ग्लोबल वार्मिंग के खिलाफ लड़ाई, पर्यावरण की रक्षा की चिंता, लेकिन दुनिया को एक ऑल्टरनेट जीवन देने की व्यवस्था करने में मैं मानता हूं कि यह कार्यकाल अपनी बहुत बड़ी भूमिका अदा कर रहा है।

स्पेस की दुनिया में भारत ने अपना स्थान बनाया है, लेकिन अधिकतम सैटेलाइट लांच करने का काम इसी कार्यकाल ने दुनिया के लिए भारत की ताकत को बढ़ा रहा है। एक लांचिंग पैड के रूप में आज विश्व के लिए भारत एक डेस्टिनेशन बना है। वह इकोनोमिक एक्टिविटी का भी एक सैंटर बनता चला जा रहा है।

मेक इन इंडिया की दिशा में मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भारत आज आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ने की दिशा में कई कदम उठा रहा है। वैश्विक परिवेश में आज भारत को गंभीरता से सुना जाता है। कभी-कभी मैं कहता हूं, लोगों को एक भ्रम होता है कि मोदी हैं या सुषमा जी हैं, इनके कार्यकाल में दुनिया में हमारी इज्जत बहुत बढ़ गई है, दुनिया में वाह-वाही हो रही है। लोग वह कहते होंगे, लेकिन रियलिटी जो है, वह और है। जिस रियलिटी का मूल कारण है, पूर्ण बहुमत वाली सरकार। दुनिया पूर्ण बहुमत वाली सरकार को रिकॉग्नाइज करती है। 30 साल का हमारा बीच का काल खंड, वैश्विक परिवेश में इस कमी के कारण देश को बहुत नुकसान हुआ है। 30 साल के बाद वर्ष 2014 में, क्योंकि जब उस देश का नेता जिसके पास पूर्ण बहुमत होता है, वह जब दुनिया के किसी भी नेता से मिलता है तो उसको मालूम है कि इसके पास मैनडेट क्या है और उसकी अपनी एक ताकत को इस बार मैंने पांचों साल अनुभव किया है कि विश्व में देश का एक स्थान बना है और उसका पूरा यश न मोदी को जाता है, न सुषमा जी को जाता है, सवा सौ करोड़ देशवासियों के 2014 के उस निर्णय को जाता है।

उसी प्रकार से इसी कार्यकाल में विदेशों में अनेक संस्थाओं में भारत को स्थान मिला, विदेशों में सुना गया। अब हम देखें बंगलादेश - इसी सदन ने सर्वसम्मति से लैंड डिस्प्यूट का सोल्यूशन किया। यह बहुत बड़ा काम किया है। भारत विभाजन से विवादास्पद बंगलादेश बनने के बाद यह संकट के रूप में चला आया, लेकिन उसका समाधान भी इसी सदन ने किया और मैं

समझता हूं कि हमारी अपनी यह विशेषता रही है कि हमने मिल-जुलकर इस काम को किया और सर्वसम्मति का यह संदेश दुनिया को बड़ी ताकत देने वाला संदेश गया है। मैं इसके लिए इस सदन का विशेष रूप से दिल से आभार व्यक्त करना चाहता हूं। मैं सभी दलों का आभार व्यक्त करना चाहता हूं।

इसी प्रकार से हमारी विदेश नीति का एक नया पहलू उभरकर आया है। दुनिया में ह्यूमैन राइट्स, ह्यूमैन वैल्यूज जाने-अनजाने में जैसे दुनिया के किसी एक छोर का ही अधिकार रहा है, बाकी लोगों को तो इससे कोई लेना-देना ही नहीं है। हम तो जैसे मानव अधिकार विरोधी, इसी प्रकार की हमारी छवि बन गई। जबकि मानवता और वसुधैव कुटुम्बकम् की बात करने वाला यही देश है, लेकिन न जाने क्यों ऐसी छवि बन गई। लेकिन पिछले पांच सालों में हम देखेंगे, नेपाल में भूकम्प आया हो, मालदीव में पानी का संकट हुआ हो, फिजी के अंदर साइक्लोन की मुसीबत आई हो, श्रीलंका में अचानक साइक्लोन की मुसीबत आई हो, बंगलादेश में वहां के लोग म्यांमार के लोगों के कारण आई हुई आपदा झेलते रहते हों, हमारे जो लोग विदेशों में फंसे थे, यमन में फंसे थे, उनको हजारों की तादाद में वापस लाने का काम हो। नेपाल में 80 देशों के लोगों को निकालकर हमने यहां सुरक्षित भेजा। इस तरह मानवता के काम में भारत ने एक बहुत बड़ी भूमिका अदा की है।

(1635/GG/RC)

महोदया, योग पूरे विश्व में एक गौरव का विषय बन गया है। यूएन में अब तक जितने रेजोल्युशन पास हुए हैं, सबसे तेज़ गति से, सबसे ज्यादा समर्थन से अगर कोई रेजोल्युशन पास हुआ है तो योग का पास हुआ है।

यूएन के अंदर बाबा साहब अंबेडकर की जयंती और महात्मा गांधी की जयंती मनाई जा रही है। विश्व के सभी देशों में बाबा साहब अंबेडकर के सवा सौ वर्ष मनाए गए हैं। महात्मा गांधी जी की जयंती मनाई गई है और गांधी जी की 150वीं जयंती, कोई कल्पना नहीं कर सकता है कि वैष्णव जन तो तैने कहिए, जो हम लोगों की रगों में है, आज 150वीं जयंती दुनिया के सवा सौ देशों के प्रसिद्ध गायकों ने वैष्णव् भजन को उस रूप में गा कर के महात्मा गांधी को बहुत बड़ी श्रद्धांजली दी

है। यानी विश्व में एक सॉफ्ट पॉवर कैसे ले जायी जा सकती है, इसका एक उदाहरण हम आज अनुभव कर रहे हैं। 26 जनवरी को हमने देखा होगा कि महात्मा गांधी को सैंटर में रखते हुए, 26 जनवरी की झांकियों में सभी राज्यों ने किस प्रकार से गांधी को अद्भुत रूप से प्रस्तुत किया, यानी 150वीं जयंती और महात्मा गांधी जी को स्मरण करना। हमने इस सदन में, इस कार्यकाल में संविधान दिवस मनाया। हमने इस सदन में, इस कार्यकाल में बाबा साहब की 125वीं जयंती पर विशेष चर्चा की। हमने ही सदन में, इस कार्यकाल में यूएन के सस्टेनेबल डेवल्पमेंट गोल्स के लिए समय दिया और सबने मिल कर सस्टेनेबल डेवल्पमेंट गोल्स के संबंध में चर्चा की। यह अपने आप में नई-नई परिपाटियां इसी कार्यकाल में, इसी सदन में आपके नेतृत्व में संभव हुआ है। इसलिए इस सदन के सभी सदस्य आपके नेतृत्व का अभिनंदन करते हैं और आपका आभार व्यक्त करते हैं।

महोदया, इस सदन में करीब 219 बिल इंट्रोड्यूज़ हुए और 203 बिल पारित हुए। इस सदन में जो आज सांसद हैं, 16वीं लोक सभा के संबंध में, अपने जीवन के संबंध में जब भी किसी को बताएंगे, चुनाव के मैदान में जाएंगे, तब भी बताएंगे और चुनाव के बाद भी जब मौका मिलेगा, कुछ लिखने की आदत होगी तो कोई जीवनी लिखेगा, तो जरूर लिखेगा कि वे उस कार्यकाल के सदस्य थे, जिस कार्यकाल में उन्होंने कालेधन और भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर कानून बनाने का काम किया है। इस देश में ऐसे कानून जो पहले कभी नहीं बन पाते थे, वे इस सदन ने बनाए और इसका बहुत बड़ा प्रभाव हुआ। विदेशों में जमा हुए कालेधन के खिलाफ बहुत बड़े कानून बनाने का काम यहीं हुआ। दिवालिया कंपनियों से जुड़ा हुआ आईबीसी का कानून इसी सदन ने बनाया। बेनामी संपत्तियों के संबंध में कानून इसी सदन ने बनाया। आर्थिक अपराध करने वाले भगोड़ों के विरूद्ध कानून इसी सदन ने बनाया। मैं समझता हूँ कि इन पांच सालों में इस सदन और इस कार्यकाल ने कालेधन और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए जो कानूनी व्यवस्था चाहिए, जो कानूनी हक चाहिए, अंतर्राष्ट्रीय जगत में हमारे कानून की एक ताकत होनी चाहिए, इसके लिए जो कुछ करना चाहिए, उस उत्तमोतम पुरूषार्थ से इस सदन ने पारित कर के देश की आने वाली शताब्दी

की सेवा की है। इसलिए इस सदन को, आपके नेतृत्व को अनेकानेक अभिनंदन, न सिर्फ इस पल बल्कि आने वाली पीढ़ियां भी देंगी, ऐसा मेरा विश्वास है।

महोदया, यही सदन, जिसने जीएसटी का बिल पारित किया और रात को 12 बजे संयुक्त सत्र बुलाया और क्रेडिट लेने की कोशिश किए बिना पूर्व वित्त मंत्री और उस समय के राष्ट्रपति के हाथों से जीएसटी को लागू किया, ताकि सबको इसका हक मिले। सबका साथ, सबका विकास उसमें भी चले, इसका भी एक प्रामाणिक प्रयास किया गया। उसी प्रकार से यही सदन है, जिसने आधार बिल को, एक बहुत बड़ी कानूनी ताकत दी। आधार दुनिया के लिए अजूबा है। इस देश ने इतना बड़ा काम किया है, विश्व इसको जानने की कोशिश कर रहा है। इस कार्यकाल के सदन ने इस काम को कर के विश्व में बहुत बड़ा काम किया है।

महोदया, देश आजाद हुआ, लेकिन पता नहीं वह कौन सी हमारी मानसिकता थी कि हम शत्रु संपत्ति पर निर्णय नहीं कर पाते थे।

(1640/KN/NKL)

बहुत कठोरतापूर्वक शत्रु सम्पत्ति बिल पारित करके भारत के 1947 के उन घावों के खिलाफ जो कुछ भी चल रहा था, उस पर काम करने का काम किया है। इस सदन ने सामाजिक न्याय की दिशा में भी बहुत ही लम्बे अरसे तक समाज पर प्रभाव पैदा करे। उच्च वर्ण कहे जाने वाले लोगों के लिए यानी गरीब लोगों के लिए आरक्षण की व्यवस्था, बिना कोई कटुता, इसकी सबसे बड़ी ताकत यही है कि बिना कोई उलझन, किसी के मन में आशंका न रहते हुए समाज के दबे, कुचले एक वर्ग को उनकी बातों को वजन दिया गया और उनको विश्वास देते हुए कानून पारित किया। दोनों सदन के सभी दलों के सभी सांसद इसके लिए साधुवाद के पात्र हैं और इसके लिए मैं समझता हूँ कि यह बहुत बड़ा काम यह 10 प्रतिशत आरक्षण का हुआ है। उसी प्रकार से ओबीसी के लिए कमीशन बनाने वाला विषय हो या एससी/एसटी एक्ट की सुप्रीम कोर्ट के बाद जो मिस-अंडरस्टैंडिंग हुई उसको ठीक करने का काम हो।

मैटरनिटी बेनिफिट बिल, विश्व के समृद्ध देश भी इस बात को सुनकर आश्चर्य होता है कि क्या भारत में 12 हफ्ते से लेकर मैटरनिटी लीव 26 हफ्ते कर दी है? इस बात को आज विश्व, भारत की एक आगे की सोच वाले देश के रूप में देख रहा है। यह काम इसी सदन ने किया है। सदन कानून बनाता है, लेकिन इस बात के लिए भी यह कार्यकाल देश और दुनिया याद रखेगी कि जो कानून बनाने वाला यह वर्ग है, उन्होंने कानून खत्म करने का भी काम किया। 1400 से ज़्यादा कानून खत्म इसी सदन के सदस्यों ने करके, एक जंगल जैसा कानूनों का बन गया था, उस पर रास्ते खोजने की दिशा में एक शुभ शुरुआत की है। 1400 करने के बाद भी मैं कहता हूँ कि शुभ शुरुआत हुई है। अभी भी करना बहुत बाकी है और उसके लिए मुलायम सिंह जी ने आशीर्वाद दिया ही है।

एक बहुत बड़ा काम और मैं मानता हूँ कि देश को इसको अच्छे ढंग से जैसे पहुँचना चाहिए था, हम पहुँचा नहीं पाए हैं। हम सभी सांसदों पर एक कलंक हमेशा लगा रहता था कि हम ही लोग हमारे वेतन तय करते हैं। हम ही लोग मर्जी पड़े उतना बढ़ा देते हैं, हम देश की परवाह नहीं करते हैं और जिस दिन सांसदों का वेतन बढ़ता था दुनिया भर की टीका-टिप्पणियाँ हमारे पर होती थीं और यह पिछले 50 साल से हो रही थीं। पहली बार इस समय के सभी सांसदों ने मिलकर इस आलोचना से मुक्ति का रास्ता खोज लिया और एक ऐसी संवैधानिक व्यवस्था बना दी कि उस संविधान की व्यवस्था के तहत औरों का जब होगा, इनका भी हो जाएगा। अब स्वयं इस काम के भागीदार सांसद अकेले नहीं होंगे और सांसदों को बहुत बड़ी मुक्ति आलोचना से मिल गई। लेकिन इतने उत्तम निर्णय कि जिस प्रकार से उसको रजिस्टर होना चाहिए था, जिसकी वाहवाही और कई सालों से सांसदों को गालियाँ सुननी पड़ी हैं, बड़े-बड़े वरिष्ठ नेताओं को गालियाँ सुननी पड़ी हैं उससे मुक्ति देने का काम किया।

हमारे जितेन्द्र जी ने अच्छा खाना तो खिलाया, लेकिन बाहर हम आलाचेना सुनने थे कि कैंटीन के अंदर पैसा बहुत कम है और बाहर महँगा है। एमपी क्यों ऐसा करते हैं? मुझे खुशी है कि जितेन्द्र जी की कमेटी ने मेरी भावना को स्वीकार किया, स्पीकर महोदया ने भी स्वीकार किया और

जो बहुत सस्ते में यहां दिया जाता था, आपको जेब में थोड़ा ज्यादा नुकसान हो गया, लेकिन उसमें से भी मुक्ति पाने की दिशा में हमने कदम बढ़ाया है और पूर्ण रूप से पहुँचने में भी आने वाले दिन में हमें अच्छी ताकत आकर हम वह भी कर लेंगे, ऐसा मेरा विश्वास है।

उसी प्रकार से इस सदन को और बहुत सी बातों का ज़रूर आनन्द आएगा। हम कभी-कभी सुनते थे भूकम्प आएगा, लेकिन पाँच साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है, कोई भूकम्प नहीं आया। कभी हवाई जहाज उड़े और बड़े-बड़े लोगों ने हवाई जहाज उड़ाए, लेकिन लोकतंत्र और लोक सभा की मर्यादा इतनी ऊँची है कि भूकम्प को भी पचा गया और कोई हवाई जहाज उसकी ऊँचाई पर नहीं जा पाया है।

(1645/CS/KSP)

यह इस लोकतंत्र की ताकत है, इस सदन की ताकत है। कई बार तीखी नोक झोंक भी हुई, कभी उधर से हुई, कभी इधर से हुई, कभी कुछ ऐसे शब्दों का भी प्रयोग हुआ होगा, जो नहीं होना चाहिए। इस सदन में किसी भी सदस्य के द्वारा, जरूरी नहीं कि इस तरफ के, उस तरफ के भी, इस सदन के नेता के रूप में मैं जरूर "मिच्छामी दुक्कड़म" कहूँगा। क्षमा प्रार्थना के लिए जैन पर्युषण पर्व में "मिच्छामी दुक्कड़म" एक बहुत बड़ा संदेश देने वाला शब्द है और उस भावना को मैं प्रकट करता हूँ। मल्लिकार्जुन से हमारा भी थोड़ा बहुत रहता था। अच्छा होता कि आज उनका गला ठीक होता, तो आज भी कुछ लाभ मिलता। कभी-कभी मैं उनको सुन नहीं पाता था, तो बाद में मैं पूरा डिटेल देख लेता था और यह आवश्यक भी था, लेकिन उसके साथ-साथ मेरी विचार चेतना को जगाने के लिए उनकी बातें बहुत काम आती थीं। एक प्रकार से मेरे भाषण खाद-पानी वहीं से डल जाता था। उसके लिए भी मैं खड़गे साहब का बहुत आभारी हूँ। मैं कहूँगा, जैसा कहा गया कि लंबे समय तक, पूरा समय बैठना, किसी समय हम देखते थे कि आडवाणी जी सदन में पूरे समय बैठते थे। मैं खड़गे जी को देखता हूँ कि वे पूरा समय बैठते हैं। यह हम सांसदों के लिए सीखने वाला विषय है। यह भी कम बात नहीं है कि करीब-करीब 50 साल उनके जनप्रतिनिधित्व के होने को आए हैं। उसके बावजूद भी जनप्रतिनिधि के नाते मिली हुई जिम्मेदारी को जिस बखूबी आपने निभाया है, मैं

आदरपूर्वक आपका अभिनन्दन करता हूँ। मैं पहली बार यहाँ आया था, मुझे बहुत सी चीजें नई जानने को मिलीं, जिसका मुझे कुछ अर्थ ही जिन्दगी में पता नहीं था। पहली बार मुझे पता चला कि गले मिलना और गले पड़ना में क्या अंतर होता है। यह मुझे पहली बार पता चला। मैं पहली बार देख रहा हूँ कि सदन में आँखों से गुस्ताखियाँ होती हैं। ये आँखों की गुस्ताखियों वाला खेल भी पहली बार इसी सदन में देखने को मिला और देश की मीडिया ने भी उसका बहुत मजा लिया। संसद की गरिमा बनाए रखना हर सांसद का दायित्व रहता है और हम सबने उसकी भरपूर कोशिश की है। इस बार हमारे सांसद महोदयों के टैलेंट का भी बड़ा-बड़ा अनुभव आया। अभी जब मैं एक दिन राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर भाषण कर रहा था, इस सदन में मुझे ऐसा अट्टहास सुनने को मिलता था, ये जो एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री वाले हैं, उनको इस प्रकार के अट्टहास की जरूरत है, यू-ट्यूब से इतना देने के लिए अलाऊ कर देना चाहिए। शायद अच्छे-अच्छे कलाकार भी ऐसा अट्टहास नहीं कर पाते होंगे, जो यहाँ पर सुनने को मिलता था। उसी प्रकार से ऐसी वेशभूषा और यहाँ हमारे टीडीपी के साथी नहीं हैं, लेकिन टीडीपी के हमारे सांसद नारामल्ली शिवप्रसाद जी क्या अद्भुत वेशभूषा पहनते थे। सारा टेंशन उनके अटेंशन में बदल जाता था। इन हँसी, खुशियों के बीच हमारा यह कार्यकाल बीता है। मुझ जैसे एक नये सांसद ने आप सबसे बहुत कुछ सीखा है। आप सबकी मदद से नया होने के बावजूद भी आपने मुझे कभी कमी महसूस होने नहीं दी। आप सब साथियों, सभी तरफ से, सबने और आपके नेतृत्व में, आपके मार्गदर्शन में एक प्रथम पारी की मेरी शुरूआत में जो मदद की है, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूँ। मैं भी आदरणीय मुलायम सिंह जी का विशेष रूप से आभारी हूँ, उनका स्नेह हमारे लिए बहुत मूल्यवान है।

(1650/RV/SRG)

सबके लिए मूल्यवान है। सभी वरिष्ठ जनों का स्नेह मूल्यवान होता है। मैं फिर एक बार आपको हृदय से बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इस परिषद् से जुड़े हुए सभी स्टाफ लोगों को भी अन्त:करण से अभिनंदन देता हूं, जिन्होंने सभी सांसदों की देखभाल की। कार्य के लिए जो कुछ भी आवश्यक व्यवस्था करनी पड़ती थी, उसे की। मैं सभी सांसदों को शुभकामनाएं देता हूं कि एक

स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा के लिए जब हम जनता के बीच जाने वाले हैं तो हम स्वस्थ परंपरा को कैसे आगे बढ़ाएं, एक तन्दुरुस्त स्पर्धा कैसे करें, उस तन्दुरुस्त स्पर्धा को लेकर लोकतंत्र को तन्दुरुस्त बनाने में हम अपनी भूमिका कैसे अदा करें, इन्हीं शुभकामनाओं के साथ, इसी भावना के साथ मैं अपनी वाणी को विराम देता हूं।

मैं फिर एक बार नत मस्तक होकर इस सदन के सभी सांसदों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

धन्यवाद।

(इति)

1651 बजे

माननीय अध्यक्ष: माननीय प्रधान मंत्री जी, माननीय सदस्यगण। मैं हमारे गौरवपूर्ण लोकतंत्र की इस महान संस्था के पीठासीन अधिकारी के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में इस सभा के सभी सदस्यों एवं अन्य संस्थाओं द्वारा दिए गए सकारात्मक समर्थन और सहयोग के लिए सभी के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करती हूं। सोलहवीं लोक सभा के अंतिम सत्र के समापन पर मैं ऐसा महसूस करती हूं कि अब उचित समय आ गया है जब हम इस बात का आत्मावलोकन करें कि विगत पांच वर्षों में जन अपेक्षाओं की कसौटी पर इस सभा की उपलब्धियां क्या रहीं और किन विषयों पर हमें और काम करना है, इसका हम निष्पक्ष विश्लेषण करें।

मुझे इस बात की खुशी है कि इन पांच वर्षों में अनेक अच्छे एवं ऐतिहासिक पल मिले एवं देश के लोगों के लिए काम करने का, इस सर्वोच्च पद की संवैधानिक जिम्मेदारी निभाने का सौभाग्य मिला। वहीं दु:खी भी हूं क्योंकि कुछ अच्छे साथी, कुछ मार्गदर्शक हमें सदा के लिए छोड़कर चले गए। माननीय अटल जी, जॉर्ज फर्नांडीस जी, हमारे सोमनाथ जी, प्रिय अनन्त जी एवं लोक सभा के हमारे कई साथी उनमें सम्मिलित हैं। एक दार्शनिक के अंदाज में अगर कहूं तो 'क्या खोया क्या पाया।' पर जीवन का सत्य यही है - 'चरैवेति चरैवेति', अर्थात् चलते रहो, चलते रहो, निर्बाध, सतत और निरंतर। हमें संतोष है कि हमने सही दिशा में बढ़ने का प्रयास किया है और देश आगे की तरफ चल रहा है। विकास का चक्र चला है। जनता की अपेक्षाएं एवं आकांक्षाएं बढ़ी हैं। साथ ही, लोगों की लोकतंत्र में आस्था अडिग बनी हुई है।

सोलहवीं लोक सभा का गठन 18 मई, 2014 को हुआ था और सभा की पहली बैठक 4 जून, 2014 को हुई थी। कुल मिलाकर आज तक इसमें 331 बैठकें हुईं।

6 जून, 2014 को इस सभा ने, आप सभी ने अध्यक्ष के सम्मानित पद पर निर्विरोध चुनकर मुझे अपार सम्मान दिया, जिसके लिए मैं आप सभी का विनम्र आभार व्यक्त करती हूं। मेरे साथी, डॉ. एम. तंबिदुरै, उनको भी 13 अगस्त, 2014 को उपाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना गया था। संविधान की गरिमा के अनुरूप एवं अपने सम्मानित पूर्ववर्तियों द्वारा स्थापित नियमों और

परिपाटियों के आधार पर मैंने और हमारे उपाध्यक्ष जी ने अपनी क्षमताओं के अनुसार इस सदन की कार्यवाहियों और चर्चाओं के निष्पक्ष संचालन के साथ-साथ सभा की गरिमा को बनाए रखने का भरसक प्रयास किया। जिस कर्तव्यनिष्ठा और सुयोग्य रीति से प्रतिष्ठित सभापति-तालिका (Panel of Chairpersons) के साथियों ने सभा की कार्यवाहियों का संचालन किया है, मैं उनके प्रति भी अपना आभार व्यक्त करती हूं। लोकतंत्र में जनता की सामूहिक अभिलाषा, अपेक्षाओं एवं आशाओं पर सकारात्मक ढंग से विचार करने एवं उन्हें पूर्ण करने की जो जिम्मेदारी इस सदन को सौंपी गई थी, उसी के अनुरूप सदन ने कार्य करने का प्रयास किया है, ऐसा मैं मानती हूं।

(1655/CP/KKD)

इस सम्माननीय सभा की पीठासीन अधिकारी के रूप में, मेरा सदैव यह प्रयास रहा है कि सभा में विभिन्न राजनीतिक दलों के सभी प्रतिनिधियों को अवसर देकर सभी मुद्दों पर गुणवत्तापूर्ण वाद-विवाद को प्रोत्साहन दिया जाए और सभा के कार्य-संचालन को सरल, सहज और सुव्यवस्थित बनाया जाए।

भारत न केवल विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, बल्कि इसके लोकतांत्रिक मूल्यों, सिद्धान्तों एवं आदर्शों का पूरे विश्व में सम्मान किया जाता है। हमारा लोकतंत्र एक जीवन्त लोकतंत्र का उदाहरण है तथा भारत के अन्दर और बाहर अन्य देशों के लिए यह प्रेरणा का स्रोत है। पूरे विश्व के लोग उत्सुकता से संसदीय कार्यवाही को देखते हैं एवं उस पर नज़र रखते हैं। किसी भी वैचारिक मंच पर अनेक प्रकार के विचारों का प्रकटीकरण चलता है और लोकतंत्र में सहमति-असहमति अस्वाभाविक नहीं है। यहां तक तो बात ठीक है, लेकिन कई बार सहमति-असहमति से परे जाकर मर्यादा का उल्लंघन भी होता है और गतिरोध की स्थिति बन जाती है। लोकतंत्र के इस सर्वोच्च प्रतीक– लोक सभा, जिसे हम लोकतंत्र का मंदिर भी कहते हैं, उसमें हम सभी से स्वीकार्य मर्यादाओं के अनुरूप ही आचरण अपेक्षित है, ताकि संसद की प्रतिष्ठा एवं शुचिता अक्षुण्ण रहे।

संसदीय स्थायी समितियों और संसदीय समितियों का कार्यकरण (functioning) भी वर्तमान लोक सभा के दौरान प्रभावी और कुशल रहा और उन्होंने कई महत्वपूर्ण सिफारिशें भी कीं।

लोक सभा की स्थायी समितियों ने 730 प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि माननीय सदस्यों ने लगभग सभी अवसरों पर समितियों के समक्ष आए मुद्दों और समस्यों पर निष्पक्ष रूप से विचार किया है।

कार्यपालिका का उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने हेतु प्रश्न पूछना सदस्यों के हाथों में एक महत्वपूर्ण साधन है। 16वीं लोक सभा में 6,460 स्टार्ड क्वैचंस सूचीबद्ध हुए, जिनमें 1,178 प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए। मैंने अलग-अलग दलों, चाहे वे छोटे हों या बड़े, उनके सदस्यों को पूरक प्रश्न पूछने का अवसर प्रदान करने का भरसक प्रयास किया। 73,405 अनस्टार्ड क्वैश्चंस, उसके साथ शेष तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर भी सभा पटल पर रखे गए। आधे घंटे की 5 चर्चाएं (Half an hour discussion) ये भी चर्चा हेतु ली गईं।

सोलहवीं लोक सभा के दौरान 219 विधेयक इंट्रोड्यूस किए गए, 205 सरकारी विधेयक सभा द्वारा स्वीकृत हुए और 9 सरकारी विधेयक वापस लिए गए। सोलहवीं लोक सभा के दौरान कुछ महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए, जिसमें कुछ विधेयक निम्नलिखित हैं :-

1. The Black Money (Undisclosed Foreign Income and Assets) and Imposition of Tax Bill, 2015;
2. The Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Bill, 2015;
3. The Insolvency and Bankruptcy Code, 2016;
4. The Benami Transactions (Prohibition) Amendment Bill, 2016;
5. The Constitution (One Hundred and First Amendment) Bill, 2016 regarding introduction of the Goods and Services Tax and to confer simultaneous powers on Parliament as well as the State Legislatures, including Union Territories with legislatures;
6. The Integrated Goods and Services Tax Bill, 2017;

7. The Aadhaar (Targeted Delivery of Financial and other Subsidies, Benefits and Services) Bill, 2016;
8. The Mental Healthcare Bill, 2017;
9. The Constitution (One Hundred and Second Amendment) Bill, 2018 regarding constitution of the National Commission for Backward Classes under the newly inserted article 338B of the Constitution;
10. The Fugitive Economic Offender Bill, 2018;
11. The Scheduled Castes and the Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Amendment Bill, 2018 and the Constitution (One Hundred and Third Amendment) Bill.

(जो कि उच्च शिक्षण संस्थानों और राज्यों के अधीन सेवाओं में प्रारंभिक नियुक्ति में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के आरक्षण से संबंधित है।)

जहां तक गैर-सरकारी सदस्यों के कार्य हैं, 16वीं लोक सभा के दौरान 1,117 गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयक इंट्रोड्यूस किए गए। महत्वपूर्ण विषयों पर गैर-सरकारी सदस्यों के संकल्प पारित किए गए।

सोलहवीं लोक सभा के दौरान संबंधित मंत्रियों ने 23,808 पत्र सभा पटल पर रखे।

इस लोक सभा के दौरान, सदस्यों ने प्रश्न काल के पश्चात् और उस दिन की बैठक के अंत में 6,244 अविलंबनीय लोक महत्व के मामले शून्य काल में उठाए। माननीय सदस्यों ने नियम 377 के अधीन भी 4,718 मामले उठाए। पीठासीन अधिकारी के रूप में, मैंने विनम्रतापूर्वक सदस्यों को महत्वपूर्ण मामले उठाने के अधिकतम अवसर प्रदान करने का प्रयास किया और यही दृष्टिकोण अपनाते हुए, मैंने एक स्थगन प्रस्ताव की भी अनुमति प्रदान की, जिसे ध्वनि मत से अस्वीकृत कर दिया गया।

(1700/NK/RCP)

माननीय सदस्यगण, विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव की सूचनाएं दीं। अविश्वास प्रस्ताव पर 11 घंटे से अधिक चर्चा चली और मत-विभाजन के बाद यह प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ। मैंने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के अंतर्गत बड़ी संख्या में मामलों के लिए अनुमति प्रदान की, जिससे सदस्यों को उनके द्वारा उठाए गए मामलों के उत्तर मंत्रियों से प्राप्त करने में मदद मिली। वास्तव में, इस अवधि के दौरान 18 घ्यानाकर्षण के मामले उठाए गए। मंत्रियों ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर करीब 679 वक्तव्य दिए।

सोलहवीं लोक सभा के दौरान महत्वपूर्ण विषयों पर नियम 193 के अधीन 33 अल्पकालिक चर्चाएं हुईं, जिनमें से लगभग 9 अल्पकालिक चर्चाओं पर आंशिक चर्चा हुई।

इस लोक सभा के दौरान, मैंने सदस्यों की सहायता के लिए एक पहल के रूप में अध्यक्षीय शोध कदम (एसआरआई) का गठन किया। एसआरआई ने विभिन्न विषयों पर अनेक प्रस्तुतीकरण किए, जिनसे चर्चा के दौरान सदस्यों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर गहन अध्ययन के लिए प्रभावी सहभागिता करने में मदद मिली। सदस्यों से प्राप्त फीडबैक के बारे में अभी लोगों ने कहा, उसके अनुसार इससे उन्हें सभा में सक्रिय भागीदारी एवं गंभीर चर्चा में सहायता मिली। एसआरआई के तत्वावधान में विविध विषयों पर 37 वर्कशॉप आयोजित किए गए। इसके साथ ही एसआरआई द्वारा दो सम्मेलन भी आयोजित किए गए, जिनमें 5-6 मार्च 2015 को आयोजित नेशनल वुमेन लेजिस्लेटर्स कन्फ्रेंस प्रमुख थी, जिसकी थीम “एम्पॉवरड वुमेन एम्पॉवरिंग नेशन ” थी। एसआरआई द्वारा युवा विद्यार्थियों हेतु एक व तीन महीने का इंटर्नशिप प्रोग्राम प्रारंभ किया गया, जिसमें युवाओं ने बहुत रुचि दिखाई है और विदेश की अनेक संसदों ने भी इससे लाभान्वित होने की इच्छा व्यक्त की है। इसका उद्देश्य इतना ही था, हमारे जो युवा हैं, जिन्होंने बारहवीं पास की है, जो ग्रेजुएट हैं, वे यहां आकर सदन का कार्य देखें और समझें, What is Parliament? समितियों का काम कैसे होता है, इसे युवा यहां आकर समझते हैं। इसके साथ ही साथ एसआरआई के अंतर्गत संसदीय प्रणाली एवं कामकाज से संबंधित विषयों पर शोध करने वाले शोधार्थियों के

लिए फेलोशिप स्कीम भी प्रारंभ की गई है। मैं इंटर्नशिप एवं फेलोशिप समितियों, इसमें सदस्यों की ही समितियां बनाई हैं, जो ये सब काम देखते थे। मैं इन सभी सदस्यों को भी धन्यवाद देती हूं।

बीपीएसटी, ब्यूरो ऑफ पार्लियामेंट्ररी स्टडीज एंड ट्रेनिंग के तत्वाधान में लोक सभा सचिवालय ने राज्यों के पत्रकारों के लिए हमने एक अलग तरीके से कार्यकरण और जो डिस्ट्रिक्ट के पत्रकार हैं, प्रदेश के पत्रकार हैं। जो यहां बहुत कम आ सकते हैं, वे यहां आकर लोक सभा की कार्यवाही को समझें, यह कैसे चलता है, उसको देखें। ऐसे विधान सभाओं के मीडियाकर्मियों के लिए कई प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित किए, जिनसे खुशी होती है 23 राज्यों के करीब 435 पत्रकार एवं मीडियाकर्मी लाभान्वित हुए।

इंडियन पार्ल्यिामेंट्ररी ग्रुप के तत्वाधान में वर्ष 2018 में नेशनल लेजिस्लेटर्स कन्फ्रेंस का आयोजन किया गया था, जिसकी थीम 'वी फॉर डेवलपमेंट' थी। इसमें देश के 115 एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स के विकास पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें नीति आयोग के उपाध्यक्ष, विषय विशेषज्ञों एवं वरिष्ठ संसद सदस्यों ने प्रतिभागी जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन किया।

(1705/SK/SMN)

माननीय सदस्यगण, इस सचिवालय को कागज रहित (पेपरलैस) बनाने की दिशा में एक पहल करते हुए मैंने सभा पटल पर सदस्यों द्वारा सूचना ऑनलाइन प्रस्तुत करने के लिए एक ई-पोर्टल की शुरुआत की है। यह परियोजना काफी सफल रही है और सदस्यों ने विभिन्न सूचनाओं को सभा पटल पर प्रस्तुत करना शुरू कर दिया है। मुझे आपको यह सूचित करते हुए भी प्रसन्नता हो रही है कि संसदीय ग्रंथालय (पार्लियामेंट लाइब्रेरी) को डिजिटल बना दिया गया है और हाल ही में सदस्यों की सुविधा के लिए एक नया पोर्टल, ई-पार्ल (e-parl) शुरू किया गया है। इसमें हमारे अधिकारीगण तथा विशेष रूप से श्री अहलूवालिया जी, आज आए नहीं हैं, उनका भी बहुत सहयोग रहा है, बाकी भी अन्य सदस्यों का बहुत सहयोग रहा, मैं उन सबकी बहुत आभारी हूं।

आप सभी जानते हैं कि कल 12 फरवरी, 2019 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल जी के तैल चित्र का अनावरण किया गया।

मेरे कार्यकाल में माननीय अटल जी को यह सम्मान प्राप्त होना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। इसके लिए मैं पोर्टरेट्स कमेटी के सभी सदस्यों को भी धन्यवाद देती हूं।

जैसा कि हम जानते हैं कि लोक सभा ने 1612 घंटे से अधिक घंटे की बैठकें कीं। सदन में अव्यवस्थाओं में व्यर्थ हुआ समय कल 422 घंटे 19 मिनट रहा। सभा ने 728 घंटे से अधिक देर तक बैठकर सभा के नियत कार्य को पूरा किया।

आज जब सभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो रही है, मेरे मन में मिश्रित भाव आ रहे हैं। जहां मैं एक ओर संतुष्ट महसूस करते हुए आप सभी के साथ यह भाव विनम्रता के साथ साझा कर रही हूं कि मैंने पूरी ईमानदारी एवं शुद्ध अंत:करण के साथ सर्वोच्च संसदीय परंपराओं के तहत इस सदन की कार्यवाही संचालित करने और सभी माननीय सदस्यों को कार्यवाही में भाग लेने एवं अपनी बात रखने के पूर्ण अवसर उपलब्ध कराने तथा अध्यक्ष के उच्च संवैधानिक पद की गरिमा और प्रतिष्ठा को बनाए रखने की कोशिश की है। अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए मेरा सदा प्रयास रहा है कि सदस्यों की राजनीतिक संबद्धता को ध्यान में न रखते हुए मैं इस सभा और सभी माननीय सदस्यों के अधिकारों और विशेषाधिकारों की अपनी सर्वोत्तम क्षमता के साथ रक्षा कर सकूं और हमारी संसदीय प्रणाली के उच्च आदर्शों को आगे बढ़ा सकूं।

अपने लोकतांत्रिक कर्तव्यों के निर्वहन में हम सब पांच सालों से एक परिवार की तरह साथ में रहे। अब हमारे लोकतंत्र की उच्च स्थापित परम्पराओं के अनुरूप जनता-जनार्दन से पुन: आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए सभी उनके पास जाएंगे। इसलिए इस अवसर पर मेरे हृदय में संतोष के साथ बिछड़ने की भी अनुभूति है।

हमने मिलकर, देर रात तक बैठकर इस पवित्र सदन में देश के हितों के मुद्दों पर अनेक बार चर्चाएं कीं, एक दूसरे के विचार सुने, उत्तम निष्कर्ष निकाले एवं कई परिवर्तनकारी विधानों का निर्माण किया। सभा ने कई ऐसे फैसले किए जिससे नए भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है जिनसे हमारी तरक्की एवं गरीबों तथा वंचितों को अधिकार दिलाने की महत्वपूर्ण पहल की गई।

एक बार फिर, समाज के सभी वर्गों के प्रति उनके समर्थन और सहयोग के लिए मैं सभा का आभार व्यक्त करना चाहूंगी। हालांकि हम सम्मानीय सदन के पीठासीन अधिकारी के रूप में मेरे द्वारा अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में कुछ आशाएं पूरी नहीं हो पाई होंगी, कभी-कभी कुछ साथियों के मन में निराशा और मायूसी का भाव भी आया होगा। परंतु मैंने अपनी सर्वोच्च क्षमता एवं निष्ठा के साथ सदन के संचालन की कोशिश की। इस सदन के सुचारू संचालन में सहयोग और समर्थन देने के लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, श्री राजनाथ सिंह जी, सभी विपक्षी दलों के नेताओं, बीएसी के सभी सदस्यों, पूर्व संसदीय कार्य मंत्री स्व. श्री अनंत कुमार जी, इनका बहुत बड़ा योगदान है,वर्तमान संसदीय कार्य मंत्री एवं उनके सहयोगी राज्य मंत्री का आभार व्यक्त करती हूं। इस सदन के पीठासीन अधिकारी का महत्वपूर्ण कर्तव्य साझा करने के लिए मैं माननीय उपसभापति डॉ. एम. तंबिदुरै जी - उन्होंने तो ऐसा किया है कि जितनी देर कहूं वह सभा के संचालन के लिए बैठते थे, कभी उन्होंने न नहीं कही, इसके लिए मैं वास्तव में बहुत आभारी हूं। सभापति पैनल के सदस्यों, श्री आनंदराव अडसुल जी, श्री अर्जुन चरण सेठी जी, श्री हुक्मदेन नारायण यादव जी, श्री के.एच. मुनियप्पा जी, श्री के. नारायण राव जी, डॉ. पी. वेणुगोपाल जी, श्री प्रह्लाद जोशी जी, श्री रमेन डेका जी, डॉ. (श्रीमती) रत्ना डे नाग जी और श्री कलराज मिश्रा जी को धन्यवाद देती हूं। मैं सभी दलों एवं समूहों के नेताओं एवं सभी माननीय सदस्यों को हमारे संसदीय लोकतंत्र को चलाने में उनके सहयोग एवं योगदान के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। मैं सभी सदस्यों द्वारा अध्यक्षपीठ के प्रति दर्शाए गए सम्मान के लिए उनके प्रति अपना हार्दिक धन्यवाद और आभार व्यक्त करती हूं।

(1710/MK/MMN)

इस सम्माननीय सभा के संचालन में सतत् शक्ति स्रोत और सहयोगी बने रहने के लिए लोक सभा की महासचिव और उनकी टीम के अधिकारियों, दोनों मार्शलों का भी मैं बहुत आभार व्यक्त करती हूं। सतत् उनका सहयोग मिलता रहा है। मैं आप सभी का आभार व्यक्त करती हूं। लोक सभा सचिवालय के साथ-साथ मेरे अपने अध्यक्ष कार्यालय के सभी कर्मचारियों के प्रति लोक सभा

से संबंधित सभी कार्यों का प्रतिबद्ध, कुशल और पेशेवर रूप से निष्पादन करने के लिए अपना आभार व्यक्त करती हूं। मैं संसदीय कार्य कवर करने के लिए और लोकतंत्र के सजग प्रहरी बने रहने के लिए सभी मीडियाकर्मियों के प्रति भी अपना धन्यवाद ज्ञापित करती हूं।

संसदीय सुरक्षा सेवा, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, दिल्ली पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों, जो सजगता से संसदीय परिसर की संरक्षा कर रहे हैं, उनकी भी मैं प्रशंसा करती हूं और धन्यवाद देती हूं। बागवानी विभाग, क्योंकि आप आते हैं तो अच्छे-अच्छे फूल देखकर सबका मन उल्लासित रहता है, तो बागवानी विभाग और अन्य सहयोगी एजेंसियों सहित केंद्रीय लोक निर्माण विभाग का भी धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने अपना मूल्यवान सहयोग दिया।

माननीय सदस्यगण, 16 वीं लोक सभा, जो सभी प्रभावी उद्देश्यों के लिए आज समाप्त हो रही है, उसके साथ मैं भी लोक सभा अध्यक्ष के रूप में इस सभा में आपको संबोधित कर रही हूं। लोकतंत्र के एक विनम्र सेवक के रूप में मुझे इस महान संस्था के माध्यम से राष्ट्र की सेवा करने का महान अवसर प्राप्त हुआ है।

इस देश के नागरिकों एवं प्रवासी भारतीयों से लोक सभा अध्यक्ष की भूमिका रूपी अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे पर संस्था एवं संविधान के सिद्धांतों के अनुरूप तथा मेरे सैद्धांतिक रुख पर प्राप्त व्यापक जनसमर्थन एवं सराहना से मुझे विनम्र संतोष की अनुभूति हो रही है।

संसद के दोनों सदनों के कार्यों में समन्वय के लिए मैं राज्य सभा के वर्तमान तथा पूर्व सभापति महोदय के प्रति भी आभारी हूं। मैं माननीय राष्ट्रपति महोदय तथा पूर्व राष्ट्रपति जी को भी उनके द्वारा दिए गए कुशल मार्गदर्शन के लिए अपनी ओर से तथा इस सभा की ओर से हृदय से कृतज्ञता व्यक्त करती हूं।

सोलहवीं लोक सभा की अवधि पूर्ण होने वाली है। संविधान के अनुरूप शीघ्र ही, अब लोकतंत्र का महापर्व चुनाव होगा, जिसमें जनता-जनार्दन को अपने बहुमूल्य मतदान का अवसर मिलेगा। मुझे आशा है कि आप सभी ने अपने-अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं की आशाओं एवं आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य किया होगा और आशा करती हूं, आज आशीर्वाद भी

मिला है माननीय मुलायम सिंह जी का, कि भविष्य में भी आप उनकी आशाओं एवं अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और जन सेवा के प्रति समर्पित रहेंगे।

माननीय सदस्यगण, आप सभी ने मुझे जो यह अवसर प्रदान किया, उसके लिए पुन: सभी का आभार मानती हूं। एक बात और भी कहूंगी। हो सकता है सभा के संचालन के समय किसी से कुछ कटु शब्द बोले होंगे, कुछ थोड़ा ऊंचे स्वर में मैंने बोला होगा, वह भी केवल सभा सुचारु रूप से चले, इसलिए बोला होगा, मगर इसके लिए अगर किसी का दिल दुखा हो, तो आज मैं हृदय से उनसे माफी मांगती हूं कि यह केवल सभा के लिए किया गया था। इस महान संस्था का काम भी निकटता से, मैंने इस काम-काज को, इसके समग्र गौरव तथा वृहत्तर सफलता के साथ पूरा होते मैंने भी देखा। मेरे कर्त्तव्य निभाने के प्रयास में किसी को कष्ट हुआ हो तो पहले ही कहा कि मैं क्षमाप्रार्थी हूं। आगामी लोक सभा के चुनाव में सफलता के लिए आप सभी को मैं हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं और मुझे लगता है, हम सभी ने मिलकर के इस देश के लिए, इस देश के लोगों के लिए, अपने स्वयं के लिए भी हम सभी मिलकर एक प्रार्थना करें-

"सर्वे भवन्तु सुखिन:, सर्वे सन्तु निरामया:।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद् दु:ख भाग्भवेत्॥"

किसी को भी कभी दु:ख नहीं हो, हम इसलिए काम करते रहते हैं और करते रहेंगे। इसलिए मैं आप सभी को फिर एक बार धन्यवाद देती हूं। आपको स्कूल जैसा लगा होगा, आप बोलते भी हैं कि मैं एक कठोर टीचर भी हूं, गुस्सा भी करती हूं, तो जाते जाते हो भी गया।

अब राष्ट्रगीत होगा और समापन होगा।

(राष्ट्रगीत की धुन बजाई गई।)

(1715/VR/RPS)

HON. SPEAKER: The House stands adjourned *sine die.*

1716 hours

The Lok Sabha then adjourned sine die.